# मुख्यमंत्री धामी अचानक कार्यकर्ता के घर पहुंचे, परिजनों से मिलकर लिया फीडबैक

**मॉर्निंग वॉक**

**8 -मुख्यमंत्री ने मॉर्निंग वॉक के दौरान आमजन से मिलने का सिलसिला रखा बरकरार**



**देहरादून/हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री धामी बुधवार हल्द्वानी प्रवास के दौरान प्रातःकाल वह अचानक भाजपा नैनीताल जनपद के अनुसूचित जाति मोर्चा के उपाध्यक्ष जीवन चंद्र आर्या के घर पहुंच गए। उन्होंने आर्या के परिवारजनों से भेंट कर लम्बी बातचीत की और उनसे सुझाव भी लिये। मुख्यमंत्री को अचानक अपने घर में देखकर आर्या के परिजन और मोहल्ले के लोग अचंभित हो गए। उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लोकसभा चुनाव की व्यस्तता के बावजूद मॉर्निंग वॉक के दौरान आम लोगों से मिलना, उनकी कुशलक्षेम पूछना और उनसे अपनी सरकार के कामकाज का फीडबैक लेना का सिलसिला नहीं छोड़ा।
मुख्यमंत्री बुधवार की सुबह लगभग 7 बजे हल्द्वानी में अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जीवन चंद्र, आर्या जी के घर पहुंच गए। बिना किसी पूर्व सूचना और तामझाम के मुख्यमंत्री ने आर्या के घर अचानक आमद दर्ज कराई। एक क्षण के लिए आर्या को भी विश्वास नहीं हुआ कि राज्य के मुखिया उनके घर पधारे हैं। आनन-फानन में उन्होंने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और अपने परिजनों को इसकी सूचना दी। मुख्यमंत्री ने आर्या को गले लगाकर उनसे किसी फार्मेलिटी न पड़ने का आग्रह किया और वह खुद आंगन में लगी कुर्सी पर बैठ गए। इसी बीच मोहल्ले के लोग भी बड़ी संख्या में वहां पहुंच गए। मुख्यमंत्री ने किसी को निराश नहीं किया। वह एक-एक कर सभी से मिले और उनकी कुशलक्षेम पूछी।दरअसल, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून में हो या जिलों के दौरे पर, सुबह की सैर के दौरान वह राह चलते हुए आम लोगों से मुखातिब होते रहे हैं और उनसे सरकार के कामकाज का फीडबैक लेते हैं।
उनकी यह आदत हमेशा से चर्चा में रही है। मुख्यमंत्री को बिना लाव-लश्कर के सड़क पर अकेले चलता देख लोग हैरान जरूर होते हैं। लेकिन इस दौरान जिले में चल रहे कार्यों और सरकार की योजनाओं पर वह आसानी से अपनी प्रतिक्रिया सीधे मुख्यमंत्री को दे पाते हैं। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री भी लगे हाथ उनसे सुझाव ले लते हैं। जनता से मिलने वाले सुझावों को कई बार वह सरकार की योजनाओं और कार्य संस्कृति में शामिल भी कर चुके हैं।

# छठीं पैरा बैडमिंटन चैम्पयनशिप में नीरजा गोयल विजयी

**चैम्पियनशिप**

**8 -तीर्थ नगरी ऋषिकेश की नीरजा गोयल ने ब्रॉन्ज जीत कर अपने क्षेत्र का किया नाम रोशन**




**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
तीर्थ नगरी ऋषिकेश की नीरजा गोयल ने राज्य स्तरीय छठीं पैरा बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2023-2024 में ब्रॉन्ज जीत कर उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। टाटा स्टील फाउंडेशन ने छठीं राज्य स्तरीय पैरा बैडमिंटन चैम्पयनशिप 2023-2024 का आयोजन 19 मार्च से 23 मार्च तक मोहन आहूजा स्टेडियम, जमशेदपुर, झारखण्ड में किया था। इसमें उत्तराखंड के ऋषिकेश से एकमात्र नीरजा गोयल ने बैडमिंटन में भाग लिया था। नीरजा ने बैडमिंटन में अच्छा खेल प्रदर्शन कर एक ब्रॉन्ज अपने नाम कर लिया। इसके बाद नगर की तमाम संस्थाओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा उत्तराखंड ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची की जारी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। बुधवार को पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि प्रांतीय कमेटी के प्रस्ताव पर हाई कमान ने राज्य में 40 स्टार प्रचारकों की सूची को अंतिम रूप दे दिया है।
इस सूची में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्षजे पी नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, योगी आदित्यनाथ, पुष्कर सिंह धामी, शिवराज सिंह चौहान, स्मृति ईरानी अनुराग ठाकुर के नाम शामिल हैं। जिन अन्य विशिष्टजनों को इस सूची में शामिल किया गया है, उनमें वीके सिंह, शांतनु ठाकुर, दुष्यंत कुमार गौतम, महेंद्र भट्ट, नायब सिंह सैनी, नरेश बंसल, मनजिंदर सिंह सिरसा, अनिल बलूनी, डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, त्रिवेंद्र सिंह रावत, तीरथ सिंह रावत, विजय बहुगुणा और अजय भट्ट शामिल हैं।
इसके साथ ही साथ महामंत्री संगठन अजेय कुमार, हेमा मालिनी, मनोज तिवारी, कल्पना सैनी, शाहनवाज हुसैन, सतपाल महाराज, प्रेमचंद अग्रवाल, सुबोध उनियाल, डॉ. धन सिंह रावत, गणेश जोशी, रेखा आर्य, सौरभ बहुगुणा, दीप्ति रावत, आदित्य कोठारी, खिलेंद्र चौधरी, राजेन्द्र बिष्ट तथा आशा नौटियाल के नाम शामिल है। यह सभी राजनेता अलग-अलग क्षेत्रों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

### 31 मार्च को होने वाली गठबंधन की महारैली को सफल बनाने का किया आह्वान

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
31 मार्च को इंडी एलाइंस की महारैली की तैयारियों को लेकर एक बैठक आम आदमी पार्टी जिला कार्यालय में हुई, जिसमें महा रैली को कामयाब बनाने और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर निंदा प्रस्ताव पारित किया।
बैठक में नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद अली ने महारैली को कामयाब बनाने और हरिद्वार जिले से 300 कार्यकताओं के दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली महारैली को कामयाब बनाने का संकल्प लिया।
सभी कार्यकताओं ने अपने राष्ट्रीय नेता की गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए एक स्वर में रामलीला मैदान में भी केजरीवाल का नारा देते हुए दिल्ली पहुंचने की बात कही।
प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद अली ने कहा कि आज तानाशाही का राज है। देश की सर्वोच्च स्वायत्त संस्थाएं केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही हैं। केजरीवाल की गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए कहा कि पार्टी का हर नेता केजरीवाल है। आप अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर सकते हो, लेकिन उनकी सोच को कैसे गिरफ्तार करोगे। देश में ही नहीं आज विदेशों में भी केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर सवाल उठ रहे हैं। केंद्र की भाजपा सरकार लोकतंत्र और संविधान की धज्जियां उड़ा रही है।
आजाद अली ने सर्वसम्मति से 31 मार्च के लिए एक कमेटी का गठन किया, जिसका नेतृत्व पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष महिला मोर्चा हेमा भंडारी और पूर्व जिलाध्यक्ष संजय सैनी करेंगे। हेमा ने कहा कि आज 10 लोगों की कमेटी बनाई गई है, जिनके नेतृत्व में 31 मार्च को लगभग 300 पार्टी कार्यकर्ता दिल्ली स्थित रामलीला मैदान में कूच करेंगे।
हरिद्वार विधानसभा से अकरम और परवीन कुमार, ज्वालापुर विधान सभा से ब्रह्म पाल सिंह चौहान, हरिद्वार ग्रामीण से यशपाल सिंह चौहान एवं संजू नारंग, रानीपुर विधान सभा से अनूप मेहता एवं सनोर्व अंसारी विधान सभाओं में नेतृत्व करेंगे।
पूर्व जिला अध्यक्ष इंजीनियर संजय सैनी ने कहा की इंडी एलायंस की महारैली में लगभग 50 लाख लोगों के जुटने का लक्ष्य है। लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए भाजपा को हराना आवश्यक है।
बैठक में संजू नारंग, आशीष गॉड, ब्रह्मपाल सिंह चौहान, यशपाल सिंह चौहान, अनूप मेहता, तेजपाल सिंह, अजय मुखिया, रेखा देवी, अकरम, सनोवर अंसारी, सागर तेश्वर, कुर्बान अली, शाहीन अशरफ, गीता, राकेश कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नाले में पड़ा मिला व्यक्ति का शव

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
एक व्यक्ति का नाले में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामला जनपद की मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के ऊदलहेड़ी गांव का है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। माना जा रहा है कि मृतक नशे की हालत में नाले में गिरा होगा और उसकी मौत हो गई।मंगलौर पुलिस को एक व्यक्ति रामनाथ पुत्र रतिराम उर्फ रतिया उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम मखदुमपुर थाना मंगलौर के शव के नाले पड़े होने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शराब की दुकान उदलहेडी में सड़क किनारे बने पैराफिट के नीचे नाले में पड़े रामनाथ के शव को निकाला।

# लोकसभा चुनाव : उत्तराखंड में बसपा के पैंतरे से भाजपा विरोधी भौंचक

**पैंतरा**

**8 -बसपा ने हरिद्वार-नैनीताल सीट पर मुस्लिम चेहरा मैदान में उतारकर दिया झटका**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रथम चरण के नामांकन के लिए समय सीमा खत्म होने से ऐन पहले उत्तराखंड में उम्मीदवारों की घोषणा करके बसपा ने जो पैंतरा फेंका है, उसने हरिद्वार और नैनीताल सीट पर भाजपा विरोधियों को अवाक कर दिया है। इन दोनों ही सीटों पर पार्टी ने मुस्लिम चेहरा चुनाव मैदान में उतारा है। इन दोनों जगह मुस्लिम वोटों की अच्छी खासी संख्या है।




भाजपा विरोधी इन सीटों पर अभी तक मुस्लिम वोटरों के ध्रुवीकरण की आस लगाए थे, लेकिन अब उनका बिखराव तय माना जा रहा है। इसका सीधा फायदा भाजपा को मिलेगा।
हरिद्वार लोकसभा सीट पर मुस्लिम वोटरों की संख्या करीब पांच लाख बताई जा रही हैं। भगवानपुर, मंगलौर, झबरेड़ा, खानपुर, लक्सर, पिरान कलियर, हरिद्वार ग्रामीण में मुस्लिम वोटरों की अच्छी खासी संख्या है। वर्तमान में कांग्रेस के दिग्गज नेता हरीश रावत इस सीट पर खुद चुनाव न लड़कर अपने बेटे विरेंद्र रावत को लड़वा रहे हैं। खानपुर के निर्दलीय विधायक उमेश कुमार ने भी मजबूती से चुनाव लड़ने का इरादा जाहिर किया है।
रावत और उमेश दोनों ही मुस्लिम वोटों के उनके पक्ष में आने की उम्मीद कर रहे हैं। इन स्थितियों के बीच, बसपा ने यूपी के पूर्व विधायक जमील अहमद को चुनाव मैदान में उतारकर मुस्लिम वोटरों से जुडे. समीकरणों में बड़ा उलट फेर कर दिया है। इससे पहले, भावना पांडेय को बसपा का टिकट दिया जा रहा था, लेकिन उन्होंने पार्टी से नाता तोड़ लिया है।
हरिद्वार संसदीय सीट को बसपा ने हालांकि कभी जीता नहीं है, लेकिन इसके अंतर्गत कई विधानसभा सीटों पर बसपा का प्रभाव शुरू से रहा है। अधिकतम पांच विधायक भी इस संसदीय क्षेत्र से बसपा के पूर्व में जीत चुके हैं। ऐसे में भले ही बसपा जीत हासिल न करे, लेकिन वोटों का एक बड़ा हिस्सा अपने पाले में खींचने में उसे सफलता मिल सकती है। चुनावी लड़ाई के जीतने कोण खुलेंगे, भाजपा उतनी ही आरामदायक स्थिति में रहेगी। इस सीट पर प्रमुख राजनीतिक दलों में सिर्फ बसपा का उम्मीदवार ही मुस्लिम समुदाय से है, लिहाजा कांग्रेस व निर्दलीय प्रत्याशी की तरफ जाने वाले मुस्लिम वोटों में बिखराव तयशुदा माना जा रहा है।

# सड़क हादसे में तीन मरे, आठ घायल

**दुर्घटना**

**8 सुबह 6 बजे स्पोर्ट्स कार अनियंत्रित होकर दूसरी ओर से आ रही दो अन्य कारों से टकरा गयी।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
डोईवाला थाना के अन्तर्गत कुआंवाला क्षेत्र में बुधवार की सुबह 6 बजे स्पोर्ट्स कार अनियंत्रित होकर दूसरी ओर से आ रही दो अन्य कारों से टकरा गयी। इस दुर्घटना में दो अन्य कार सवार तीन लोगों की मौत हो गयी और आठ लोग घायल हो गये। इनमें से दो लोगों को मामूली चोट थी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस



टीम तत्काल घटना स्थल पर पहुंची। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।
बताया गया कि डोईवाला की तरफ से आ रही ईको स्पोर्टस कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर को पार कर दूसरी तरफ जा गिर गई, जो देहरादून से डोईवाला की ओर जा रही दो अन्य कारों से टकरा गई। इसमें डोईवाला की ओर जा रही कार सवारों के सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि इस हादसे में स्पोर्ट्स कार में सवार सहित कुल आठ लोग घायल हो गए।

### सड़क नहीं बनने से नाराज ग्रामीण करेंगे चुनाव बहिष्कार

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के देवाल विकास खंड के कुलिंग गांव से दिदिना तोक में विस्थापित ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए बुधवार को उपजिलाधिकारी थराली के माध्यम से एक ज्ञापन चुनाव आयुक्त और जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजकर लोक सभा चुनाव में मतदान न करने का एलान किया।
ग्राम प्रधान कुलिंग हुकम सिंह बिष्ट का कहना है कि आपदा के कारण कुलिंग के 65 परिवारों का विस्थापन गांव के पास ही दिदिना तोक में किया गया है। विस्थापित गांव दिदिना पहुंचने के लिए तीन किलोमीटर की चढाई और तीन किलोमीटर की उतराई के साथ ही जंगल का रास्ता पार करना पड़ता है।

# स्वच्छ भारत ही रखेगा सशक्त भारत की नींव




**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
एसएमजेएन पीजी कॉलेज में कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ तथा पर्यावरण प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रुड़की के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद और मां मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री महंत रविन्द्र पुरी महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री की चलायी गई इस मुहिम के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। श्री महंत ने कहा कि स्वच्छ भारत ही एक सशक्त भारत की नींव साबित होगा।
कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सुनील बत्रा ने स्वच्छता को बेहतर करने के लिए अपने विचार प्रतिभागियों के साथ साझा किए व कूड़े के प्रबन्धन के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कॉलेज के पर्यावरण प्रकोष्ठ द्वारा निरंतर पर्यावरण के संरक्षण के लिए सफल प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के चलते भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के उपक्रम द्वारा स्वच्छता एक्शन प्लान में सराहनीय कार्य करने के लिए कॉलेज को उत्तराखण्ड राज्य के शीर्ष 10 संस्थानों में नामित होने पर प्रमाण पत्र से सम्मानित भी किया गया।
मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान से आए वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ लक्ष्मी नारायण ठकुराल ने तकनीकी सत्र में समुचित कूड़ा प्रबंधन की वैज्ञानिक विधियों को समझाया। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत हो रहे प्रयासों की भी विस्तृत जानकारी दी। राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान से आए वैज्ञानिक डॉ. रुचिर पाटीदार ने स्वच्छ भारत अभियान के उद्देश्यों पर विस्तार से जानकारी देते हुए जल संसाधनों के समुचित संरक्षण तथा संवर्धन की जानकारी दी।
कार्यक्रम का सफल संचालन पर्यावरण प्रकोष्ठ तथा कार्यक्रम समन्वयक डॉ. विजय शर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों तथा प्राध्यापकों के लिए पर्यावरण जागरूकता पर एक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। इसमें प्राध्यापकों में डॉ. लता शर्मा तथा विद्यार्थियों में दिव्यांशु, मिथुन, श्रेया नामदेव, ईशा कश्यप, अंजलि परिहार को पुरस्कृत किया गया।

# सभी विभाग जल्द नियुक्त करें नोडल अधिकारीः मुख्य सचिव

**चर्चा**

**8 साथ ही राज्य के संदर्भ में 16वें वित्त आयोग के सभी बिंदुओं और विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में 16वें वित्त आयोग को राज्य की ओर से प्रेषित की जाने वाली संस्तुतियों की तैयारियों के संबंध में सभी विभागों की बैठक हुई। इस बैठक में मुख्य सचिव ने सभी विभागों को 16वें वित्त आयोग के संबंध अपने-अपने नोडल अधिकारी जल्द से जल्द नियुक्त



करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही राज्य के संदर्भ में 16वें वित्त आयोग के सभी बिंदुओं और विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई।
बैठक में अपर मुख्य सचिव आनंदवर्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव दिलीप जावलकर, वी षणमुगम, अरविंद सिंह हयांकी, डा. रंजीत कुमार सिन्हा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव : जीत की नई गाथा देवभूमि में लिखेगी मोदी-धामी की जोड़ी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री धामी लोकसभा चुनाव में पांच के साथ 400 प्लस के लक्ष्य को साकार करने के लिए उत्तराखंड में चुनावी अभियान को और धार देंगे। मोदी-धामी की जोड़ी इस बार भी देवभूमि में जीत की नई गाथा लिखेगी। इसी मुहिम के तहत धामी एक के बाद एक ताबड़तोड़ जनसभाओं में शामिल होकर कार्यकताओं का जोश बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।
उत्तराखंड राजनीतिक परिदृश्य में भले ही लोकसभा में मामूली भागीदारी निभाता हो, लेकिन देशभर में यहां से जाने वाला संदेश बड़ा असरदार होता है। पिछले दो लोकसभा में केन्द्र में



इसके परिणाम भी देखने को मिले हैं। अब तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चुनावी समर शुरू हो गया है। ऐसे में देवभूमि से इस बार भी बड़ा संदेश देने की तैयारी है।
देवभूमि की पांचों लोकसभा सीट पर मोदी-धामी का एक्स फैक्टर चुनावी समर में नई गाथा लिखने जा रहा है। पिछले कई दिनों से मुख्यमंत्री धामी की तीन लोकसभा क्षेत्र में हुए कई कार्यक्रमों में मौजूदगी चुनावी रणनीति का हिस्सा है। आगामी दिनों में भी मुख्यमंत्री धामी अब न केवल मुख्यमंत्री धामी की ताबड़तोड़ सभाएं होंगी, बल्कि पिछली जीत के मार्जन को तोड़ते हुए नए लक्ष्य को फतह करने की व्यापक योजना है।
खासकर युवा मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में चंपावत, बागेश्वर उप चुनाव, हरिद्वार में पंचायत चुनाव समेत कई बड़े उदाहरण हैं, जो लोकसभा 2024 की जीत की गाथा लिख चुके हैं। धामी सरकार के पुराने ट्रैक रिकॉर्ड के साथ एक्स फैक्टर से साफ है कि यह चुनाव पुराने सभी रिकॉर्ड को ध्वस्त कर जीत की नई इबारत लिखेंगी।
मुख्यमंत्री धामी मंगलवार को टिहरी लोकसभा उम्मीदवार माला राज्यलक्ष्मी शाह के नामांकन के रोड शो, दोपहर को पौड़ी गढ़वाल के उम्मीदवार अनिल बलूनी के नामांकन कार्यक्रम की जनसभा में और नैनीताल लोकसभा में कई कार्यक्रमों में शिरकत कर संदेश दिया है। आज (गुरुवार) को भी विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।
इस दौरान मुख्यमंत्री धामी पूरे जोश, उत्साह व पार्टी उम्मीदवारों की रिकॉर्ड मतों से जीत को आश्वस्त दिखे।माना जा रहा है पांचों लोकसभा में परचम लहराने और नए रिकॉर्ड स्थापित करने को मुख्यमंत्री धामी ताबड़तोड़ जनसभाएं और कार्यक्रम को और धार देंगे। इसके लिए रोडमैप तैयार कर दिया है।

# पुलिस ने स्मैक तस्कर को किया गिरफ्तार

**बरामद**

**8 पुलिस ने उसके कब्जे से कुल 13 ग्राम स्मैक बरामद की है। स्मैक की कीमत 390,000 रु बताई गई है**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
थाना मुनि की रेती पुलिस ने जंगलात पुलिया से एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से कुल 13 ग्राम स्मैक बरामद की है। बाजार में स्मैक की कीमत 390,000 रुपये बताई गई है। इसके अलावा एक इेक्ट्रानिक तराजू, एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है।
थाना मुनि की रेती प्रभारी रितेश



शाह ने बताया कि आरोपी 20 वर्षीय विशाल पुत्र लक्ष्मण राजभर, म.नं. 428 चन्द्रेश्वर नगर चन्द्रभागा थाना ऋषिकेश का निवासी है । विशाल के विरुद्ध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है। आरोपित ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उसे शान्ति पत्नी गुरुचरण निवासी चन्द्रेश्वर नगर चन्द्रभागा ऋषिकेश जनपद देहरादून ने स्मैक बेचने को दी थी।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



फास्ट न्यूज

## बीजेपी प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत के खाते में हैं 59 लाख रुपये

**हरिद्वार:** हरिद्वार संसदीय सीट से बतौर भाजपा प्रत्याशी नामांकन कराने वाले पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के पास महज 56 हजार की नकदी है। जबकि, उनकी पत्नी सुनीता के पास महज 32 हजार रुपये। हालांकि, त्रिवेंद्र के बैंक खाते में 59 लाख 88 हजार 913 रुपये और पत्नी के खाते में 94 लाख 80 हजार 261 रुपये जमा हैं। नामांकन पत्र के साथ दाखिल दिए गए शपथ पत्र में त्रिवेंद्र ने यह जानकारी दी है। भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने शपथ पत्र में बताया कि उनके पास 40 ग्राम सोना है, जबकि पत्नी के पास 110 ग्राम।

इतनी है नकदी व सोने की कीमत

बाजार भाव के हिसाब से त्रिवेंद्र के पास मौजूद नकदी व सोने की कीमत 62 लाख 92 हजार रुपये है। पत्नी के पास मौजूद नकदी और सोना मिलाकर यह आंकड़ा एक करोड़ एक लाख 92 हजार 61 रुपये बैठता है। कृषि भूमि की बात करें तो त्रिवेंद्र के पास 47 लाख रुपये और पत्नी के पास 10 लाख 68 हजार रुपये मूल्य की कृषि भूमि है। गैर कृषि भूमि उनके पास छह लाख 94 हजार रुपये और पत्नी के पास 18 लाख रुपये मूल्य की है।

**त्रिवेंद्र सिंह रावत पर नहीं है कोई कर्ज :**पति-पत्नी के पास कोई व्यावसायिक संपत्ति नहीं है और दोनों पर कोई कर्ज भी नहीं है। हालांकि, 75 लाख रुपये की लायबिलिटी बताई गई है। त्रिवेंद्र के नाम 3.5 करोड़ रुपये और पत्नी के नाम 80 लाख रुपये का आवासीय भवन है। त्रिवेंद्र ने वर्ष 1983 में स्नातकोत्तर किया। हरिद्वार संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने नामांकन के चार सेट दाखिल किए। इससे पहले शुक्रवार को उन्होंने आनलाइन अपने नामांकन का डाटा भरा था। नामांकन दाखिल करने से पूर्व रावत ने पत्नी सहित हरकी पैड़ी पहुंचकर गंगा पूजन कर जीत का आशीर्वाद लिया। बाद में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भेंटवार्ता की और भाजपा की बैठक में भाग लिया। नामांकन दाखिल करने के बाद त्रिवेंद्र रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन पर विश्वास जताते हुए हरिद्वार की मर्यादा व गरिमा एवं विकास के लिए चुनाव मैदान में उतारा है। प्रधानमंत्री के विश्वास पर खरा उतरने का वे पूरा प्रयास करेंगे।

## दर्दनाक हादसा, खाई में गिरी कार; तीन सवारों की मौके पर दर्दनाक मौत

गोपेश्वर: चमोली जिले के गोपश ?वर में शुक्रवार देर रात दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक वाहन खाई में गिर गया और हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक थाना नंदा नगर घाट में शुक्रवार मध्य रात्रि को कार के खाई में गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई है।

**तीनों कार सवारों की मौके पर ही मौत:** बताया गया कि रात करीब एक बजकर 15 मिनट पर दूरभाष से सूचना मिली कि ग्राम मणखी के पास एक मारुति सुजुकी कार सड़क से करीब 300 मीटर नीचे गिर गई है, जिसमें तीन व्यक्ति सवार थे। सूचना पर थाना नंदा नगर पुलिस टीम रेस्क्यू उपकरण के साथ मौके पर पहुंची और रेस्क्यू किया। बताया गया कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस द्वारा शवों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नंदा नगर घाट लाया गया। जहां से पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# यूपी की हॉट लोकसभा सीट बनी मेरठ

8 अरुण गोविल के साथ संगठन के नेताओं ने डाला डेरा, जल्द पहुंचेंगे योगी-मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**

**मेरठ:** अचानक ही मेरठ-हापुड़ सीट को लेकर भाजपा बेहद सतर्क हो गई है। प्रत्याशी की घोषणा के बाद से ही मेरठ सीट को लेकर पार्टी की रणनीति तेजी से बदल गई है। भाजपा के घोषित प्रत्याशी रामायण में श्रीराम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल को लेकर प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिर्फ पहुंचे ही नहीं हैं बल्कि उन्होंने यहां डेरा डाल दिया है। यही नहीं प्रत्याशी के पहुंचने के दूसरे दिन ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सम्मेलन होने जा रहा है और उसके पांचवें दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी यहां रैली करने पहुंच रहे हैं। ऐसा पहली बार हो रहा है जब भाजपा ने मेरठ या पश्चिम की किसी सीट को लेकर इतनी अधिक सतर्कता दिखाई है।

**भाजपा ने अरुण गोविल को बनाया प्रत्याशी:** स्थानीय दावेदारों को दरकिनार कर सेलिब्रिटी चेहरे के रूप में अरुण गोविल को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया। 400 पार का विजन लेकर मैदान में उतरी भाजपा आक्रामक रणनीति के साथ उतर चुकी है। पिछले चुनाव में विपक्ष के प्रत्याशी से मिली जबरदस्त टक्कर से सबक लेते हुए न सिर्फ प्रत्याशी बदला बल्कि गुटबाजी की आशंका को देखते हुए ऐसे चेहरे को उतारा जिसका नाम जनता के बीच प्रिय है और दावेदार भी खुलकर विरोध नहीं कर पाएंगे। हालांकि भाजपा इतने से ही संतुष्ट होने वाली पार्टी नहीं बनना चाहती है। प्रत्याशी के प्रथम दिन के आगमन के समय स्वयं प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल पहुंचे ताकि किसी भी स्तर पर स्थानीय विरोध का गठजोड़ आकार न ले सके। धर्मपाल ने पहले ही दिन गोविल की उपस्थिति में लोकसभा चुनाव संचालन समिति और जनप्रतिनिधियों की बैठक बुलाकर पार्टी का संदेश स्पष्ट कर दिया।

**मिला समर्थन**

8 प्रत्याशी की घोषणा के बाद से ही मेरठ सीट को लेकर पार्टी की रणनीति तेजी से बदल गई है

**पीएम मोदी भी करेंगे प्रचार:** प्रत्याशी की स्वीकारोक्ति और मनोयोग से जुटने का संकल्प कराने तथा प्रचार का शंखनाद कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी पहुंच रहे हैं।

चर्चा यह भी है कि पार्टी का आंतरिक खुफिया तंत्र ने स्थानीय गतिविधि पर नजरें गड़ा दी हैं और प्रत्येक घटनाक्रम को प्रदेश कार्यालय से लेकर से दिल्ली मुख्यालय तक भेजा जाएगा।

# नोटों के बिस्तर पर सोते नेता का विडियो वायरल



**टीम एक्शन इंडिया**

**गुवाहाटी:** आगामी लोकसभा चुनाव से पहले यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) का निलंबित सदस्य 500 रुपये के नोटों के बिस्तर पर सोता नजर आया। उनकी तस्वीरें इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रही हैं। यह नेता प्रधानमंत्री आवास योजना और ग्रामीण रोजगार योजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार करने का आरोपित है। नेता पर प्रधानमंत्री आवास योजना और मनरेगा के गरीब लाभार्थियों से रिश्वत लेने का आरोप है।

**भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में आरोपित है नेता:** सोशल मीडिया पर प्रसारित तस्वीरें उदालगिरी जिले के भैरागुड़ी में ग्राम परिषद विकास समिति (वीसीडीसी) के अध्यक्ष बेंजामिन बासुमतारी 500 रुपये के नोटों के साथ बिस्तर पर सोता नजर आ रहा है। तस्वीरों में नेता के ऊपर भी कुछ नोट बिखरे नजर आ रहे हैं। मामले से यूपीपीएल ने भी दूरी बना ली है। यूपीपीएल प्रमुख और बोडोलैंड टेरिटोरयल काउंसिल के मुख्य कार्यकारी सदस्य प्रमोद बोरो ने दावा किया कि पार्टी की हरिसिंघा ब्लाक कमेटी ने गत पांच जनवरी को बासुमतारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की थी।

# जम्मू-कश्मीर पर बार-बार बोला गया झूठः अख्तर



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कश्मीरी महिला कार्यकर्ता तस्लीमा अख्तर ने पाकिस्तान का कश्मीर पर दुर्भावनापूर्ण प्रचार का भंडाफोड़ किया। कश्मीर में प्रायोजित आतंकवाद को उजागर किया और पाकिस्तान को आईना दिखाया। तस्लीमा ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में हमने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का शिकार हुए अपने निर्दोष लोगों के लिए न्याय की मांग की है। हमने जम्मू-कश्मीर में चल रहे विकास पर भी चर्चा की। कश्मीर के विकास पर पूरी दुनिया की नजर है। तस्लीमा अख्तर ने हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के 55वें सत्र में भाग लिया था।

**कुछ लोगों का अपना एजेंडा सेट है:** तस्लीमा अख्तर ने कहा कि कश्मीर के बारे में बार-बार झूठे दावे और निराधार बातें की गईं। तस्लीमा ने पाकिस्तानी एजेंटों को बेनकाब करते हुए कहा कि यह लोग अक्सर संयुक्त राष्ट्र में कश्मीरी निवासियों के रूप में सामने आते हैं। ब्रिटेन, फ्रांस और इटली जैसे देशों में रहने वाले कुछ लोगों का अपना एजेंडा है। उन्हें कश्मीर के बारे में कोई जानकारी नहीं है। अगर उन्होंने विदेशी नागरिकता हासिल कर ली है, तो वह कश्मीर के बारे में कैसे बोल सकते हैं?

**घाटी में पथराव और दंगों का अंत:** तस्लीमा अख्तर ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और अगस्त 2019 से जम्मू-कश्मीर में देखे गए परिवर्तन की भी सराहना की। तस्लीमा ने कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद पाकिस्तान प्रायोजित पथराव बंद हो गया है। हमने घाटी में पाकिस्तान समर्थित संगठनों द्वारा किए गए दंगों और हिंसा का अंत देखा है।

**गुलाम कश्मीर में लोग मजबूरी में:** जम्मू-कश्मीर और गुलाम कश्मीर वाले क्षेत्रों की स्थितियों की तुलना करते हुए तस्लीमा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और गुलाम कश्मीर में एक बड़ा अंतर है। एक तरफ हम जम्मू कश्मीर में राजमार्गों, सड़कों और स्टेशनों का निर्माण देख रहे हैं।

**निर्देश**

8 तस्लीमा ने खोले पाकिस्तान के नापाक राज! आईना दिखाते हुए एजेंटों को किया बेनकाब

## 'बिट्टू के जाने से पार्टी को नुकसान, जनता माफ नहीं करेगी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने तीन बार के सांसद रवनीत बिट्टू के भाजपा में जाने को पार्टी का नुकसान बताया है। उन्होंने कहा कि मुश्किल के समय में पार्टी छोड़ कर जाने वालों को लोग माफ नहीं करेंगे। वड़िंग ने कहा कि पार्टी से ज्यादा व्यक्तिगत रूप से बिट्टू का नुकसान हुआ है। क्योंकि अब वह एक सांसद तो रह सकते हैं लेकिन कांग्रेसी परिवार नहीं कहलाएंगे। क्योंकि उनके दादा स्वर्गीय बेअंत सिंह का कांग्रेस में एक बड़ा नाम थे।

# टिकट कटने के बाद पहली बार बोले एसटी हसन

8 कहा- टिकट का होना या ना होना,; नरेश उत्तम ने भेजा कैंसिलेशन पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबाद:** मुरादाबाद लोकसभा सीट से सपा सांसद डॉ. सैय्यद तुफैल हसन ने कहा कि मुझे पार्टी ने आदेश दिया था और मुझे सिंबल दिया था, क्योंकि टाइम बहुत कम था यह भी हिदायत दी गई थी कि जल्द से जल्द कर लें, इसलिए मैंने नामांकन कर दिया था। आज मुझे पता चला है कि दूसरे कैंडिडेट ने भी नामांकन कर दिया है अब फैसला हाईकमान के हाथ में है। हसन ने कहा कि वह जो भी फैसला लेंगे, उसे हम कबूल करेंगे। किन परिस्थितियों में यह फैसला लिया गया, इसके बारे में बेहतर हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश



यादव ही बता सकते हैं। उन्होंने कहा कि मेरा टिकट क्यों काटा गया है, यह मुझे क्यों पूछा जा रहा है जिन्होंने यह किया है, वही इसका जवाब दे पाएंगे। अखिलेश यादव और आजम खान हमारे नेता हैं, कुछ सोच समझ कर ही उन्होंने ऐसा फैसला लिया होगा। सांसद ने कहा कि टिकट का होना या ना होना यह एसटी हसन की शख्सियत को थोड़ी खत्म कर देगा, अभी तो फिलहाल रुचि वीरा ने भी नामांकन किया है तो ऑफिशियल कैंडिडेट कौन है। इसका फैसला तो अब वही लेंगे जो आईडियोलॉजी मुलायम सिंह यादव की थी, वही आईडियोलॉजी हमारी है और वही आईडियोलॉजी अखिलेश यादव की.. बाकी अभी कुछ दिनों में चीजें स्पष्ट हो जाएंगी।

**कटा टिकट**

8 अखिलेश यादव और आजम खान हमारे नेता हैं, कुछ सोच समझ कर ही उन्होंने ऐसा फैसला लिया होगा

**नरेश उत्तम पटेल ने भेजा पत्र:** सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने पत्र डॉ. एसटी हसन के समर्थन में रुचि वीरा के सिंबल का कैंसिलेशन पत्र भेजा है।

पूर्व महानगर अध्यक्ष शोएब पाशा पत्र लेकर डीएम के पास पहुंचे। अभी कलेक्ट्रेट में जमे हुए हैं। हालांकि, जिलाधिकारी ने तीन बजे तक का समय दिया था। अब पत्र स्वीकार होगा या नहीं ये जिलाधिकारी के विवेक पर निर्भर करता है।

# बिट्टू को सबक सिखाना चाहते हैं कांग्रेसीः आशु

**टीम एक्शन इंडिया**

**लुधियाना:** भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के बाद लुधियाना के सांसद रवनीत सिंह बिट्टू अभी दिल्ली में ही डटे हैं। बुधवार को उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। हालांकि शाह के साथ उनकी मुलाकात संक्षिप्त हुई और बताया जा रहा है कि उन्होंने बिट्टू का पार्टी में स्वागत किया।


**बिट्टू के करीबियों के भी बीजेपी में शामिल होने की संभावना:** सूत्रों के अनुसार, अभी बिट्टू दिल्ली में ही हैं और संभवतः एक या दो दिन में लुधियाना वापस लौटेंगे। भाजपा के शीर्ष नेता ने कहा कि



उन्हें पार्टी नेतृत्व ने सौंपा है तो उनका स्वागत करेंगे। हालांकि उन्हें कहां से चुनाव लड़ने की जिम्मेदारी दी जाएगी, इसका फैसला अगले सप्ताह हो जाएगा। पार्टी अगले सप्ताह पंजाब के उम्मीदवारों की घोषणा कर सकती है। हालांकि यह भी चर्चा है कि बिट्टू के एक-दो करीबी जल्द भाजपा का दामन थामेंगे।

**बिट्टू और आशु आ सकते आमने-सामने:** वैसे उम्मीद जताई जा रही है कि बिट्टू को लुधियाना से दो बार सांसद बनाने में योगदान करने वाले आशु अब उनके खिलाफ उतर सकते हैं। यानी एक दशक तक एकसाथ रहने वाले राजनीतिक मित्र फिर आमने-सामने हो सकते हैं। उधर, आशु ने कहा कि बिट्टू के साथ मित्रता पहले भी थी और आगे भी रहेगी। एक परिवार में पिता-पुत्र या भाई-भाई की विचारधारा अलग हो सकती है, लेकिन रिश्ते टूट नहीं जाते। हम निभाएंगे, वह निभाए या नहीं।

# किसानों के संघर्ष से फूटी धारा, खेतों की प्यास बुझी



**टीम एक्शन इंडिया**

**हल्द्वानी:** गौलापार के करीब सात हजार काश्तकार पिछले दो सप्ताह से संकट में थे। सिंचाई की मुख्य नहर से पानी नहीं मिलने के कारण खेत सूखे थे। अक्टूबर 2021 की आपदा में टूटी नहर से वैकल्पिक व्यवस्था बनने पर समाधान हो पाता। ऐसे में करीब 100 काश्तकार फावड़े-बेलचे लेकर काठगोदाम पुल के नीचे उतर गए। बंद पड़ी नहर को साफ किया। इसके बाद सिंचाई विभाग ने पोकलैंड की मदद से पहाड़ी का कटान करना शुरू किया। रात दस बजे करीब संघर्ष कामयाब हुआ। टूटे हिस्से के बीच में टिन व मजबूत काली पन्नी की मदद से पानी को आरपार कर नहर तक पहुंचाया गया। गौलापार के करीब सात हजार किसानों को काठगोदाम बैराज से पानी मिलता है। आपदा से मुख्य नहर का काफी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। बार-बार मरम्मत कर जैसे-तैसे काम चलाया जा रहा था। वहीं, दो माह पूर्व 2.89 करोड़ का बजट जारी होने पर स्थायी मरम्मत का काम शुरू हुआ। क्षतिग्रस्त हिस्से को तोड़ नए सिरे से निर्माण करना था। मगर लगातार भूस्खलन के कारण खतरे की स्थिति भी बन गई। दूसरी तरफ पिछले दो सप्ताह से खेतों को पानी मिलना बंद हो गया। प्याज, लहसुन की फसल संग पशुओं के लिए भी पानी की दिक्कत होने लगी। जबकि गेहूं की फसल भी प्रभावित हो रही थी।

**नहर साफ किया**

8 ऐसे में करीब 100 काश्तकार फावड़े-बेलचे लेकर काठगोदाम पुल के नीचे उतर गए। बंद पड़ी नहर को साफ किया

# 'चुनावी वैतरणी' पार करने के लिए हर दल का 'नया खेवैया'

8 यूपी की हाई प्रोफाइल सीट पर सपा-बसपा और भाजपा ने साधा समीकरण

**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुर:** लोकसभा चुनाव के लिए सजे सियासी युद्ध में प्रमुख दलों के योद्धा मैदान में हैं। इस बार भाजपा, कांग्रेस और बसपा ने 'चुनावी वैतरणी' पार लगाने के 'नए खेवैया' ही उतारे हैं, जो 'पतवार' लेकर सियासत की नदी में दो-दो हाथ करने निकले हैं। तीनों दलों के उम्मीदवार सामने आने से रोचकता बढ़ी है। भाजपा ने कई बड़े धुरंधरों को दरकिनार कर रमेश अवस्थी के रूप में चौंकाऊ दांव चला है। छात्र संघ के बाद वह पहली बार कोई



चुनाव लड़ने जा रहे हैं। वहीं, कांग्रेस से आलोक मिश्रा मैदान में हैं तो बसपा ने कुलदीप भदौरिया पर भरोसा जताया है। तीनों ही प्रत्याशी पहली बार किसी लोस चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। कानपुर संसदीय सीट पर भाजपा पिछले तीन चुनावों से हर बार उम्मीदवार बदल रही है। 2014 में डा. मुरली मनोहर जोशी मैदान में उतरे और बड़े अंतर से जीत हासिल की। इसके बाद सत्यदेव पचौरी ने जीत का स्वाद चखा। इस बार पचौरी ने ऐन टिकट घोषणा से पहले ही चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा का पत्र केंद्रीय नेतृत्व को भेजा। 2024 के लिए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, नीतू सिंह, दिनेश शर्मा जैसे नाम चर्चा में थे, लेकिन भाजपा ने प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व 2014 से ही टिकट की कतार में रहे पूर्व पत्रकार रमेश अवस्थी के नाम पर मुहर लगा दी। नया नाम चौंकाने वाला अवश्य है पर भाजपाई गणित समझें तो इस सीट पर पिछले 33 वर्षों से ब्राह्मण चेहरा ही उतर रहा है। कारण, यह सीट ब्राह्मण बाहुल्य है। मूलरूप से फरुर्खाबाद निवासी रमेश अवस्थी संघ के स्वयंसेवक हैं। 2019 में बांदा व इससे पहले फरुर्खाबाद में टिकट मांग रहे थे।

**समीकरण**

8 भाजपा ने कई बड़े धुरंधरों को दरकिनार कर रमेश अवस्थी के रूप में चौंकाऊ दांव चला है

सौंदर्यवर्धन

## रवनीत बिट्टू के बीजेपी में जाने के बाद कांग्रेस को लगा तगड़ा झटका

# राहुल की कोर टीम तेजी से छोड़ रही कांग्रेस का हाथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** कांग्रेस की युवा ब्रिगेड जो कभी राहुल की कोर टीम का हिस्सा हुआ करती थी, तेजी से 'हाथ' छोड़ कर कमल का फूल पकड़ रही है। ऑल इंडिया युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे अशोक तंवर पहले ही कांग्रेस को छोड़ गए थे। तंवर आम आदमी पार्टी से होते हुए भाजपा में आ गए हैं और भाजपा ने उन्हें हिसार से पार्टी का उम्मीदवार बनाया है।

**यह सीट पहले शिअद के पास थी:** इसी प्रकार रवनीत बिट्टू जोकि राहुल गांधी की गुड बुक में थे, ने भी कांग्रेस को छोड़ कर भाजपा



ज्वाइन कर ली। पंजाब यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रधान रमिंदर आंवला की भी भाजपा में जाने की तैयारी है। आंवला भाजपा के प्रदेश प्रधान सुनील जाखड़ के करीबी है। उनका कांग्रेस छोड़ना तय था बस इंतजार इस बात का हो रहा था कि क्या शिरोमणि अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी का गठबंधन होता है या नहीं। क्योंकि आंवला फिरोजपुर जिले से आते है और यह सीट पहले शिअद के पास थी। लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आ रहा है। कांग्रेस के लिए तो चुनौतियां बढ़ ही रही है लेकिन अहम बात यह है कि जिन नेताओं को कभी राहुल गांधी आगे लाए थे, वह भी अब दूसरी पार्टियों में जा रहे है। रवनीत बिट्टू का भाजपा में जाना कांग्रेस के लिए बेहद चौंकाने वाला रहा। हालांकि इससे पहले भी पंजाब से पूर्व विधायक गुरप्रीत जीपी और सिटिंग विधायक डा. राजकुमार चब्बेवाल पार्टी छोड़ कर जा चुके है। बिट्टू के जाने से कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा है। क्योंकि तीन पीढ़ियों से बिट्टू परिवार कांग्रेस से जुड़ा रहा है। बिट्टू के दादा स्वर्गीय बेअंत सिंह को पंजाब से आतंकवाद खत्म करने का श्रेय जाता है। बाद में आतंकवादियों ने उन्हें बम से उड़ा दिया था। बिट्टू ने अपना राजनीतिक कैरियर यूथ कांग्रेस के प्रदेश प्रधान पद से शुरू की थी। जानकारी के अनुसार रमिंदर आंवला भी जल्द ही भाजपा ज्वाइन कर सकते है।

**'हाथ' छोड़ा**

8 कोर टीम का हिस्सा हुआ करती थी, तेजी से 'हाथ' छोड़ कर कमल का फूल पकड़ रही

# कुमाऊं की दो सीटों पर माहौल बनाने के लिए सीएम धामी ने कसी कमर

**टीम एक्शन इंडिया**

**हल्द्वानी:** राज्य सरकार ने केदारखंड की तर्ज पर मानसखंड को विकसित करने की योजना को लेकर भी पहल शुरू की है। जिस तरीके से चार धाम में हर तरह की सुविधाएं बढ़ाई गई हैं, उसी तरह मानसखंड में भी मंदिरों व आध्यात्मिक स्थलों को संवारने की योजना बनाई गई है। इसमें केंद्र सरकार की भी मदद मिल रही है। इससे क्षेत्र में न केवल धार्मिक पर्यटन का विस्तार होगा बल्कि आर्थिक समृद्धि के भी द्वार खुलेंगे। यही कारण है कि मिशन-2024 को फतह करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी तमाम विकास कार्यों के साथ ही मानसखंड के इस मंदिर माला मिशन के जरिये भी लोगों के मन में जगह बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इस मुद्दे को भुनाने के लिए भी पार्टी स्तर पर विशेष रणनीति बन चुकी है। मानसखंड मंदिर माला मिशन योजना की शुरूआत डेढ़ वर्ष पहले ही हो चुकी थी।

इसमें कुमाऊं के करीब 26 मंदिरों को शामिल करने की योजना है। प्रथम चरण में मानसखंड मंदिर माला मिशन में अल्मोड़ा में जागेश्वर महादेव मंदिर, चितई गोलू मंदिर, सूर्यदेव मंदिर कटारमल, कसार देवी मंदिर, नंदा देवी मंदिर, पिथौरागढ़ में पाताल भुवनेश्वर मंदिर, हाट कालिका मंदिर, बागेश्वर में बागनाथ मंदिर, बैजनाथ मंदिर, चंपावत में पाताल रुद्रेश्वर, मां पूर्णागिरी मंदिर, मां बाराही देवी मंदिर, बालेश्वर मंदिर, नैनीताल में नैना देवी मंदिर, कैंचीधाम मंदिर व ऊधम सिंह नगर में चैतीधाम मंदिर शामिल है।

**योजना**

8 उसी तरह मानसखंड में भी मंदिरों व आध्यात्मिक स्थलों को संवारने की योजना बनाई गई है